**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5615**
**26.07.2019 को उत्तर के लिए**

**वनीकरण**

**5615. डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र राज्य में लागू की गयी वनीकरण योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में लगाए गये पेड़ों की संख्या कितनी है?

उत्तर

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) यह मंत्रालय महाराष्ट्र सहित देश में दो बड़े वृक्षारोपण/वनीकरण स्कीमें, अर्थात् राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी) स्कीम तथा राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीएमआई) कार्यान्वित कर रहा है जिनके अंतर्गत राज्यों को पौधरोपण के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। तथापि, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अवक्रमित वन भूमि पर वनीकरण के लिए किया जा रहा है, जीआईएम का उद्देश्य भू-दृश्य आधार पर क्रास-सेक्टोरल कार्यकलापों के अलावा, वनों की गुणवत्ता में सुधार करना/वनावरण में वृद्धि करना है। विगत तीन वर्षों (2016-17 से 2018-19 तक) के दौरान एनएपी और जीआईएमके अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य को क्रमश: 26.82 करोड़ रूपए और 10.30 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

(ख) किए गए पौधरोपण का जिला-वार ब्यौरा मंत्रालय में नहीं रखा जाता है, अत: महाराष्ट्र राज्य के सोलापुर जिले से संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं है।

*****